# रामभक्त हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा निकली

## जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, हनुमान मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

**बेगमगंज, 2 अप्रैल. नगर में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो बस स्टैंड महाराणा प्रताप मार्ग ,कबीट चौराहा,राजपूत मोहल्ला ,पक्का फाटक, झुरैया मंदिर , पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्गो से होते हुए वापिस आई और विधिविधान से पूजा - अर्चना के साथ विराम लिया. भव्य शोभायात्रा का आयोजन श्री सियावास हिंदू उत्सव समिति एव पंचमुखी समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया.**

श्रीपंचमुखी हनुमान जी मंदिर से भव्य शोभायात्रा का विधिविधान से पूजा -अर्चना के साथ शुभारभ हुआ. रथ पर हनुमान जी की भव्य झांकी सजाई गई और भगवा झंडों से मार्ग को सजाया गया, वही शोभायात्रा में शामिल लोग भगवा झंडा लिए जय श्री राम बजरंग बली के नारे लगा रहे थे. जयंती को लेकर हनुमान मंदिरों में रामचरित मानस का पाठ का आयोजन हुआ एवं हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया. मंदिरों में पूजन-आरती के साथ ही आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान बड़ी संख्या मैं धर्मप्रेमी बंधु एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने बढचकर भाग लिया. शोभायात्रा में विधायक देवेंद्र पटेल , पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत , नपाध्यक्ष संदीप लोधी , उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी सहित हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए.



### सिलवानी में निकला चल समारोह, गूंजे जयघोष

**सिलवानी.** कलियुग के सिद्ध देव एवं प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के प्रकट्योत्सव (जन्मोत्सव) का पर्व गुरुवार को पूरे तहसील क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. नगर सहित ग्रामीण अंचलों में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा, हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. मंदिरों में भगवान की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार कर भक्तों ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया. प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं सनातन समाज के तत्वावधान में श्री राम मंदिर जमुनिया पुरा से भव्य चल समारोह निकाला गया. चल समारोह में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुए, जो हाथों में भगवा ध्वज लेकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे. पूरा मार्ग 'जय श्रीराम', 'जय हनुमान' और 'लाल लंगोटा जय बजरंग' जैसे जयघोषों से गूंज उठा. चल समारोह का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ.

# उदयपुरा में हनुमानजी महाराज की हुई महाआरती

**उदयपुरा, 2 अप्रैल. नगर के तलापुरा हनुमान मंदिर प्रांगण श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष विद्युत साज सज्जा की गई.**



हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में राई नृत्य अखाड़ों द्वारा प्रदर्शन सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रात्रि 8 बजे नगर के श्री बजरंग अखाड़ा लक्ष्मी चौक अखाड़ा कालिका अखाड़ा एवं राम जानकी अखाड़ा के कलाकारों द्वारा मंदिर परिसर में हैरतअंगेज करतब दिखाए गए. इसके बाद रात्रि जागरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें देशराज नरवरिया एवं गीता राजपूत द्वारा जवाबी बुंदेली राई संगीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. अंत में श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती प्रात: 5 की गई. इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया.

# धूमधाम से मनाया हनुमान जी का जन्मोत्सव

**सलामतपुर, 2 अप्रैल.** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त मां अंजनी के लाल हनुमंत लाल का जन्मोत्सव गुरुवार को जिला मुख्यालय रायसेन सहित सलामतपुर नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों क्षेत्र में सभी हनुमान मंदिरों पर उत्साह के साथ मनाया गया. मंदिरों में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी हनुमान महाराज की पूजा अर्चना और



महाआरती कार्यक्रम से लेकर मंदिरों में आयोजित हुए सीताराम संकीर्तन सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं हवन कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ श्रद्धापूर्वक भाग लिया एवं हनुमान जी के दर्शन लाभ लिए. इस मौके पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया था. जिससे उनकी शोभा देखे नहीं बन रही थी. मंदिरों में पहुंचने वाले हर भक्त का मन हनुमान जी के दर्शन करने के साथ झलक पाने के लिए उत्साहित नज़र आ रहा था.

### द्वारकाधीश मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा

गुरुवार सुबह नगर के द्वारकाधीश मंदिर से हनुमान प्रकटोत्सव के मौके पर भव्य शोभायात्रा और विशाल चल समारोह निकाला गया. जो भोपाल विदिशा मुख्य मार्गों से होता हुआ सरकारी अस्पताल के सामने तक पहुंचा. वापसी में हनुमान मंदिर पर आरती का आयोजन किया गया. इसके बाद शोभायात्रा का द्वारकाधीश मंदिर पर समापन हुआ. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए. वहीं नगर सहित आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु जिले के बरेली तहसील स्थित प्रसिद्ध छींद धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे. धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. गुरुवार तड़के सुबह 4 बजे से ही मंदिर मे महाआरती के साथ धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हुई, जिसमें भगवान हनुमान को विशेष चोला चढ़ाया गया. इसके बाद सुंदरकांड पाठ और पूजा-अर्चना का सिलसिला दिनभर जारी रहा.

### एक नजर में

### केन्द्रीय कृषि विभाग के निदेशक ने तैयारियों का लिया जायजा

**रायसेन, .** रायसेन स्थित दशहरा मैदान में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय स्तर का कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है।गुरूवार को केन्द्रीय कृषि विभाग के निदेशक (किसान कल्याण एवं विस्तार) अविनाश लावनिया तथा कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा रायसेन स्थित दशहरा मैदान पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया गया. इसके उपरांत उन्होंने कार्यक्रम हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारीवार तैयारियों की समीक्षा की. केन्द्रीय कृषि विभाग के निदेशक अविनाश लावनिया द्वारा कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के सभी जिलों से उन्नतशील किसान सम्मिलित होंगे. साथ ही कृषि उपकरण एवं यंत्रों का निर्माण करने वाली कम्पनियां भी इसमें सहभागिता करेगी. इस कृषि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पर्याप्त समय पहले पूर्ण कर ली जाएं. बैठक में निदेशक श्री लावनिया ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लगभग 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से विभिन्न कृषि उपकरणों, खेती की जैविक और उन्नत तकनीकों आदि का प्रदर्शन किया जाएगा. साथ ही किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. उन्होंने कृषि महोत्सव में आने वाले अतिथियों, किसानों आदि के लिए ठहरने की व्यवस्था, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग, आगमन-निर्गमन आदि के बारे में विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में केन्द्र और प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे.

# विद्युत समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ाई

**रायसेन, 2 अप्रैल. मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है. पूर्व में यह योजना 31 मार्च तक लागू थी. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी.**

मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना में 31 मार्च तक 27 लाख 47 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है. कुल 1336 करोड़ 46 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 450 करोड़ 31 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है. श्री तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है, इसका लाभ जरूर लें.

### बकायादार उपभोक्ताओं के लिए योजना बनी वरदान

यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे. अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है. समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है. ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 15 मई तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं.

### आदिवासी समुदाय के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 को

**रायसेन.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना (आदिवासी समुदाय के लिए) के तहत वर्ष 2026-27 में जिला स्तरीय कार्यक्रम गोंड गुरूआ बाबा न्यास ग्राम पंचायत धामधूसर तहसील गौहरगंज में 23 अप्रैल 2026 को अतिरिक्त तिथि निर्धारित की गई है. जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन हेतु आयोजक जनपद पंचायत सीईओ औबेदुल्लागंज और नोडल अधिकारी मनोज बॉथम उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को बनाया गया है. सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदण्ड शर्तो के अधीन 02 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक जनपद पंचायत कार्यालय औबेदुल्लागंज में जमा किए जा सकते हैं.

# अवैध हथियार के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**सलामतपुर, 2 अप्रैल. थाना पुलिस को एक ऐसे फरार वारंटी को पकड़ने में सफलता मिली है जो 1 साल से अवैध हथियार रखने के मामले में फरार चल रहा था. फरार गिरफ्तारी वारंटी को मुखबिर की सूचना पर दीवानगंज गांव से घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सलामतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.**



सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि रायसेन एसपी आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है. इसी कड़ी में एक 2024 के मामले में एक साल से फरार वारंटी अनस खान पिता असद खान निवासी ग्राम दीवानगंज की मुखबिर से सूचना मिली कि वह गांव आया हुआ है. थाना प्रभारी ने तत्काल टीम बनाई जिसमें चौकी प्रभारी एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक दिलीप यादव, पुष्पेंद्र राजपूत, संजय चौहान और आरक्षक रविन्द्र रघुवंशी को शामिल किया. वारंटी को पकड़ने के लिए टीम को दीवानगंज गांव भेजा गया. फरार वारंटी अनस को पुलिस के आने की भनक लग गई. वो भागने की ही फिराक में था. लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल कर ली. गुरुवार के दिन अनस को रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है.

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में स्थाई फरार वारंटियों की धरपकड और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि गश्त की जा रही है.वहीं मध्य रात्रि में होटल, ढाबा, अस्पताल, एटीएम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ सहित वाहनों को भी चेक किया गया.

# सीएमटीसी पोर्टल से ग्रामीण सेवा प्रबंधन होगा डिजिटल

### मानस भवन में हनुमत कथा का समापन

**भोपाल, 2 अप्रैल. तुलसी मानस प्रतिष्ठान भोपाल में चल रही हनुमत कथा का गुरुवार को समापन हुआ. इस अवसर पर कथा व्यास पं. श्यामजी मनावत का शाल-श्रीफल सम्मान किया गया.**

पंडित मनावत जी ने हनुमत कथा सुनाते हुए कहा हनुमानजी लंका में केवल सीताजी की खोज के लिये ही नहीं गये थे, बल्कि वे पहले लंका में सभी जगह गए थे. रावण के महल और विभीषण के घर गये. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति समग्रता का चिंतन करती है. हम सबके जीवन में प्रकाश आना चाहिए. हमारी संस्कृति में सात रंग है. हमारी दृष्टि में समग्रता एवं समभाव का समावेश होना चाहिए. हनुमान जी आठ सिद्धि और नौ निधियों को देने वाले कृपा के सागर हैं. इन ये वरदान माता सीता ने दिया है. कार्यक्रम में दीपप्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि के समय मुख्य अतिथि के रूप में लाखनसिंह चौधरी ,एडिशनल कलेक्टर, रघुनंदन शर्मा, कैलाश जोशी, महेश दुबे, संजीव पुरी, प्रभु दयाल मिश्र उपस्थित थे. कार्यक्रम में श्यामजी मनावत, संगीत मंडली का शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया.



### दादाजी धाम मंदिर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**भोपाल.** दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर में विराजमान बाल स्वरूप भगवान हनुमान जी का नवीन वस्त्रों से अलंकरण कर विशेष श्रृंगार किया गया. इसके अभिषेक, पूजन एवं हवन संपन्न हुआ. भक्तों द्वारा भगवान श्री राम के नाम से दीपों से भगवान राम के नाम की आकृति बनाई गई. भक्तों ने सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया.

# अब जिले का ग्रामीण सेवा प्रबंधन होगा डिजिटल

### एसआरएलएम में सीएमटीसी सेवाओं की बुकिंग, प्रबंधन को मिला केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

**रायसेन, 2 अप्रैल. ग्रामीण सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन और डिजिटल पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर सीएमटीसी पोर्टल शुरू किया गया है.यह पोर्टल मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित किया गया है.**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन (एसआरएलएम) के लिए तैयार किया गया यह पोर्टल सीएमटीसी सेवाओं की बुकिंग और प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा. इससे सेवा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता और कार्यकुशलता सुनिश्चित होगी. सीएमटीसी पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ताओं का व्यवस्थित पंजीयन, रोल बेस्ड एक्सेस कंट्रोल और ब्लॉक एवं जिला स्तर पर बुकिंग और अनुमोदन की स्वचालित व्यवस्था संभव हो सकेगी. इससे मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम होगी, प्रक्रियागत त्रुटियों में कमी आएगी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनेगी. पोर्टल में स्वचालित सूचना प्रणाली और डिजिटल अनुमोदन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित संवाद सुनिश्चित हो सकेगा.

> प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास में तकनीक के अधिकतम उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है. डिजिटल पहल से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा वितरण प्रणाली भी अधिक जवाबदेह, सुलभ और प्रभावी बनेगी. यह पहल मध्यप्रदेश को तकनीक आधारित सुशासन, नवाचार और ग्रामीण सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.



# मौसम की मार के बीच किसानों का रुझान बदला

### हार्वेस्टर से कटाई बनी पहली पसंद

**सिलवानी, 2 अप्रैल. इस वर्ष मौसम के बार-बार बदलते मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. कभी तेज धूप तो कभी बारिश और ओलावृष्टि की आशंका के चलते फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है. ऐसे हालात में अब क्षेत्र के किसान पारंपरिक मजदूरों की बजाय हार्वेस्टर से फसल कटाई को प्राथमिकता दे रहे हैं.**


ब्लॉक के किसान मनोज कुमार के अनुसार इस बार गेहूं और चना का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा है. वहीं मजदूरी दरों में बढ़ोतरी ने किसानों की लागत और बढ़ा दी है. यही कारण है कि किसान अब हार्वेस्टर से कटाई कराना ज्यादा लाभकारी मान रहे हैं. किसानों का कहना है कि जहां मजदूरों से कटाई कराने पर अलग-अलग चरणों में खर्च करना पड़ता है, वहीं हार्वेस्टर से कुछ ही घंटों में कटाई और थ्रेसिंग दोनों कार्य एक साथ हो जाते हैं.

इससे समय के साथ-साथ खर्च में भी कमी आती है. मंसाराम परते और रामसिंग जैसे किसानों ने बताया कि इस साल मौसम में दो से तीन बार हुए बदलाव और लगातार बारिश के कारण फसल की पैदावार प्रभावित हुई है. ऐसे में जल्द कटाई करना जरूरी हो गया है, जिसे हार्वेस्टर के माध्यम से आसानी से पूरा किया जा सकता है.

### मजदूरी महंगी, हार्वेस्टर सस्ता सौदा

इस वर्ष हाथ से कटाई कराने वाले ठेकेदार प्रति एकड़ अधिक राशि मांग रहे हैं. वहीं खुले बाजार में मजदूर 350 से 400 रुपए प्रति एकड़ तक ले रहे हैं. इसके विपरीत हार्वेस्टर से कटाई कराने पर प्रति एकड़ लगभग 1500 से 2000 रुपए तक की बचत हो रही है. किसानों का कहना है कि हार्वेस्टर से न सिर्फ लागत कम हो रही है, बल्कि समय की भी बचत हो रही है. यही वजह है कि इस सीजन में क्षेत्र के अधिकांश किसान हार्वेस्टर से फसल कटाई की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं.

### सौंदर्य और जोखिम | घाटी का सफर अब पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण



# जमुनिया घाटी में पतझड़ की सुनहरी छटा

**सिलवानी, 2 अप्रैल. गैरतगंज-सिलवानी मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध जमुनिया घाटी इन दिनों प्रकृति के अनोखे रूप की गवाह बन रही है. जहां एक ओर गर्मी की दस्तक के साथ जंगलों में पतझड़ का असर साफ दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर घाटी का सफर अब पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है.**

करीब 5 किलोमीटर लंबी यह घुमावदार घाटी पहाड़ियों के बीच से होकर गुजरती है, जिसके एक ओर ऊंची चट्टानी दीवारें हैं तो दूसरी ओर 200 से लेकर 1000 फीट तक गहरी खाई. पेड़ों से पत्तियां झड़ने के कारण पूरा वन क्षेत्र अब भूरा और विरल नजर आने लगा है, जिससे घाटी की पथरीली संरचना स्पष्ट दिखाई दे रही है.

शाम के समय यहां का दृश्य बेहद मनमोहक हो जाता है. ढलते सूरज की सुनहरी किरणें जब सूखी पहाड़ियों पर पड़ती हैं, तो घाटी का सौंदर्य देखते ही बनता है. यही वजह है कि यहां से गुजरने वाले राहगीर और पर्यटक कुछ पल ठहरकर इस प्राकृतिक नजारे को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं.

> हालांकि, यह खूबसूरती खतरे से खाली नहीं है. संकरी और संवेदनशील इस सड़क पर प्रतिदिन लगभग 500 छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिनमें यात्री बसें और भारी वाहन भी शामिल हैं. ऐसे में जरा सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है. प्रशासन और वाहन चालकों को इस मार्ग पर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि प्राकृतिक सुंदरता के बीच यात्रा सुरक्षित बनी रहे.

### श्री घंटाकर्ण जैन तीर्थ में ध्वजा महोत्सव 4 से

**भोपाल.** श्री घंटाकर्ण महावीर जैन तीर्थ सूखी सेवनिया अमोनी ,भोपाल में दो दिवसीय तृतीया ध्वजा महोत्सव शनिवार 4 अप्रैल और रविवार 5 अप्रैल को मनाया जायेगा. साध्वी अमित गुणा श्रीजी द्वारा तिथि अनुसार ध्वजा कार्यक्रम शनिवार को सुबह विधि-विधान के साथ पूजा - प्रक्षाल व भक्ति भावना के साथ शुरू होगा और शाम को प्रथम महायज्ञ के बाद 51 दीपों से आरती के साथ संपन्न होगा. रविवार को सुबह 9 बजे से मुख्य ध्वजा महोत्सव की विविध पूजाएं और महामांगलिक शांति सामूहिक यज्ञ किया जायेगा. विजय मुहूर्त में दोपहर 12.39 पर मंदिर जी के शिखर पर सूरत से आई मुख्य ध्वजा लहराई जाएगी.